हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, सोमवार, 16 जून 2025

11 नीट में आरपीएस के 102 विद्यार्थियों ने हासिल किए 500 से अधिक अंक



12 छलक नाले पर अतिक्रमण से जलभराव होने से बाढ़ का...



# मौसम में आया बदलाव: जिले में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने का असर रविवार को साफ तौर पर देखने को मिला। जिसकी वजह से एक बार फिर मौसम में बदलाव आया। जिससे सम्पूर्ण इलाके पर बादलों की आवाजाही बनी रही। सुबह हरियाणा के उत्तरी व पूर्वी जिलों व मध्यवर्ती जिलों पर तेज गति से हवाएं चलने व हल्की बारिश हुई।

वहीं दोपहर बाद हरियाणा के दक्षिणी हिस्सों विशेषकर महेंद्रगढ़ जिले में तेज गति की हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। जिसकी वजह से इस सीजन का भीषण आग उगलने वाली गर्मी का अंत व प्रचंड हीट वेव का अन्तिम दौर का खात्मा हो गया।

बता दें कि पिछले दिनों हरियाणा एनसीआर दिल्ली में रेगिस्तानी पश्चिमी शुष्क व गर्म हवाओं से आग उगलने वाली भीषण गर्मी और हीट वेव से आमजन को रूबरू होना पड़ रहा था, लेकिन वर्तमान में हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बड़े पैमाने पर बदलाव देखने को मिल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से उत्तरी पश्चिमी राजस्थान पर एक चक्रवातीय सर्कुलेशन बनने से अरब सागर व बंगाल की खाड़ी से एक एक बार फिर से दक्षिणी पश्चिमी और पूर्वी हवाओं के चलने से सम्पूर्ण इलाके में बढ़ते हुए तापमान पर अंकुश लगा है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव के साथ तेज गति से हवाएं व हल्की से मध्यम बारिश ने झुलसाने वाली गर्मी और हीट वेव का खात्मा कर दिया। हालांकि उमस भरी गर्मी से लोगों को परेशान हो अभी भी पड़ रहा है।



नारनौल। बारिश के दौरान गली से गुजरती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## मौसम पूर्वानुमान

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर शनिवार को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 15 से 18 जून के दौरान हरियाणा एनसीआर दिल्ली में कभी उत्तरी, तो कभी दक्षिणी व कभी पश्चिमी और मध्यवर्ती जिलों में प्री मानसून गतिविधियां की संभावना बन रही है। आने वाले दिनों में लगातार सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। हरियाणा के पश्चिमी और दक्षिणी जिलों सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुड़गांव, मेवात, फरीदाबाद, पलवल के साथ उत्तरी जिलों पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र के साथ रोहतक, झज्जर में तेज गति से हवाएं अंधड़ चलने व गर्ज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं हरियाणा के पूर्वी जिलों में तेज गति से हवाएं चलने व बिखराव वाली हल्की बारिश बूंदाबांदी की संभावना है। जिसकी वजह से हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर भारतीय मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी कर दिया है। इसके बाद एक नया पश्चिमी विक्षोभ 19 जून को सक्रिय होने से फिर से मौसम में बदलाव व हरियाणा एनसीआर दिल्ली में लगातार 19 से 23 जून के दौरान फिर से प्री मानसून गतिविधियों की संभावना बन रही है। इसके बाद हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मानसून की धमाकेदार एंट्री होने की संभावना बन रही है। जिसकी वजह से मैदानी राज्यों में विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में जून महीने के अंतिम सप्ताह में अच्छी मानसून गतिविधियों की संभावना बन रही है।

## तापमान में आई गिरावट

पश्चिमी मौसम प्रणाली के असर से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन व रात के तापमान में गिरावट देखने को मिली। रविवार को हरियाणा के अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस से 41.0 डिग्री सेल्सियस के बीच, जबकि रात का तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस से 32.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। वहीं जिला महेंद्रगढ़ में नारनौल व महेंद्रगढ़ में दिन व रात का तापमान क्रमशः 38.5, 28. 5डिग्री सेल्सियस तथा 36.2 डिग्री व 28.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं नारनौल में 14.5 मिलीमीटर, नांगल चौधरी में 6.5 मिलीमीटर बारिश हुई है। जबकि महेंद्रगढ़, सतनाली व कनीना में केवल बादलों की आवाजाही बनी रही है।

## खबर संक्षेप

### रोडवेज बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली मंडी के वार्ड नंबर छह निवासी गाड़िया लुहार रोशन ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर में लगभग दो बजे अटेली की तरफ से एक हरियाणा रोडवेज परिवहन बस का चालक अपनी बस को बड़ी तेज गति व लापरवाही से चलाता हुआ लाया और उनकी झुग्गी एवं गाड़ों के अन्दर घुसा दी। इस दौरान एक पेड़ टूट गया और उनकी बकरी की बस के नीचे आने से मौत हो गई। उसके लड़के कालिया के पैरों के ऊपर से बस का पहिया उतर गया, जिससे उसका बायां पैर टूट गया। इस घटना में उनका गाड़ा भी टूट गया। उस समय बस चालक का नाम पूछने पर उसने अपना नाम सरेली निवासी अनिल कुमार बताया था। अटेली पुलिस ने गाड़ियां लोहार की शिकायत पर बस चालक पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पशु चोर गिरोह सक्रिय कांटी में भैंस चुराई

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव कांटी में रात्रि सेंध लगाकर अज्ञात चोर ने एक भैंस चुरा ली। कांटी निवासी राजेन्द्र ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि गत 13 जून को रात्रि को करीब दो बजे उसने उठकर देखा कि उसकी भैंस वहां से गायब थी। हर जगह तलाश करने के बाद भी उसकी भैंस नहीं मिली। अटेली पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सुरक्षा के लिए किए गए थे पुख्ता प्रबंध, एसपी ने भी किया निरीक्षण

# राकेश 310 वोट से जीतकर हमीदपुर के बने सरपंच गुढ़ा में रमेश और मुंडायन में मोनू चुने गए पंच



नारनौल। हमीदपुर चुनाव का निरीक्षण करती एसपी पूजा वशिष्ठ।



कनीना। गुढ़ा मतदान केंद्र पर पहुंची महिला मतदाता।



कनीना। मतदान केंद्र पर तैनात सुरक्षाकर्मी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव रविवार सम्पन्न हुए। इसमें नारनौल खण्ड के गांव हमीदपुर में सरपंच पद पर राकेश कुमार ने 310 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। यहां कुल 1511 वोट थे। जिनमें से राकेश कुमार को 700 और उनके प्रतिद्वंद्वी विजय कुमार को 390 वोट मिले। इस तह राकेश कुमार ने 310 वोट के अंतर से जीत दर्ज की और हमीदपुर ग्राम पंचायत के सरपंच चुने गए। इसी तरह कनीना खण्ड के गांव गुढ़ा से रमेश कुमार व मुंडायन में मोनू को पंच पद के लिए मतदाताओं ने चुना है।



राकेश
निर्वाचित सरपंच

जानकारी के मुताबिक राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव प्रशासन के सहयोग से हुए। रविवार को सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। इस बीच एसपी पूजा वशिष्ठ हमीदपुर गांव पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर कार्यरत सुरक्षा कर्मचारियों को अलर्ट पर रहने और कोई भी अनहोनी होने पर तुरंत सूचना देने व सजग रहने के निर्देश दिए। वहीं इसी चुनाव के सिलसिले में जिलाधीश डॉ विवेक भारती की ओर से आदेश जारी किए गए थे कि मतदान केन्द्रों के आस-पास कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मतदान के दौरान 500 मीटर की परिधी में पांच व्यक्तियों या इससे अधिक एकत्रित होने व (सिख समुदाय द्वारा रखी जाने वाले धार्मिक कृपान को छोड़कर) घातक हथियारों जैसे शस्त्र तलवार, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू, साईकिल चेन और अन्य वस्तुएं जिन्हें घातक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है पर प्रतिबंध रहेगा।

### मोनू ने अपने प्रतिद्वंद्वी सुनील कुमार को 50 मतों की करारी शिकस्त दी



रमेश कुमार



मोनू

**कनीना।** कनीना खंड के गांव गुढ़ा व मुंडायन में पंच पद पर हुए चुनाव में पांच उम्मीदवारों में से तीन पराजित हो गए। वहीं दो विजेता बन गए। गुढ़ा गांव में चुनाव अधिकारी सांवरमल ने बताया कि वार्ड नंबर एक में कुल 245 मतों में से 195 की पोलिंग हुई। जिसमें से रमेश कुमार को 117, राहुल को 39 व विजेंद्र 39 मत हासिल हुए। दिलचस्प बात है कि रमेश कुमार ने अपने दोनों प्रतिद्वंदियों राहुल व विजेंद्र को मिले 78 मत के मुकाबले जीत का मार्जिन हासिल किया है। इसी प्रकार मुंडायन के वार्ड नंबर एक के लिए दो प्रत्याशियों के मध्य हुए चुनाव में कुल 157 में से 141 मत पोल हुए। जिसमें से मोनू को 91 व सुनील कुमार को 50 मत मिले। मोनू ने अपने प्रतिद्वंद्वी सुनील कुमार को 50 मतों की करारी शिकस्त दी।





नारनौल। हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक व ट्रैक्टर। फोटो : हरिभूमि

## ट्रैक्टर चालक ने बाइक को मारी टक्कर, महिला व पुरुष घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर में ट्रैक्टर ड्राइवर ने महता चौक के पास दो बाइकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला व एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दोनों मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर जमा लोगों ने ट्रैक्टर ड्राइवर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकारी के अनुसार महता चौक के पास शनिवार रत करीब सवा आठ बजे मधु क्लीनिक के पास एक ट्रैक्टर ड्राइवर ट्रॉली समेत अपने ट्रैक्टर को तेज गति से चलाता हुआ महता चौक की ओर से आया। ड्राइवर ने अपने ट्रैक्टर पर नियंत्रण खो दिया व मधु क्लीनिक के सामने नाले के पास खड़ी हुई दो बाइक व राहगीरों को टक्कर मारी।

लोगों ने तुरंत ट्रैक्टर चालक को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम जसवंत उर्फ मोनू निवासी ग्राम कोजिंदा बताया तथा ट्रैक्टर मालिक भी कोजिंदा गांव का बताया। ट्रैक्टर का पहिया नाली में जाने के कारण वही फंस गया था। ट्रैक्टर के नीचे एक आदमी पड़ा हुआ था।

आसपास के लोगों की मदद व मौके पर डायल 112 बुलाकर उसको निकाला, तो उसने अपना नाम घनश्याम वासी नलापुर बताया। इस दुर्घटना में एक दूसरी महिला को भी चोट लगी है। जिसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम कमला निवासी सलामपुरा बताया। दुर्घटना में घायल हुए घनश्याम व कमला को मौके से ईआरवी में बैठाकर इलाज के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने युवक की शिकायत पर ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया।



नारनौल। खनिज के अवैध परिवहन में पकड़े गए वाहन। फोटो : हरिभूमि

## अवैध खनन पर कड़ी निगरानी

# सप्ताह में 10 वाहनों पर 31.50 लाख रुपये का जुर्माना ठोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अवैध खनन व खनिज के अवैध परिवहन को लेकर जिला में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। खनन विभाग के अलावा जिला टास्क फोर्स से जुड़े विभागों के अधिकारी भी इस अभियान में पुलिस की सहायता से लगातार फिल्ड में कड़ी निगरानी कर रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में टीम ने 1064 वाहनों की चेकिंग की तथा 10 वाहन खनिज के अवैध परिवहन करते पकड़े गए। इन पर 31.50 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है।

- सप्ताह में टीम ने 1064 वाहनों की चेकिंग की

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि सरकार व जिला प्रशासन की ओर से अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अगर कोई खनिज वाहन बिना ई रवाना के पाया जाता है, तो उसे तुरंत कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई आरंभ की जाए। उपायुक्त ने बताया कि अवैध खनन अथवा खनिज के अवैध परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री व खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग खुद समय समय पर वीसी के जरिए निर्देश देते रहते हैं।

जिला खनन इंजीनियर डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि विभाग का पूरा फोकस फील्ड में चेकिंग पर रहता है। पिछला एक सप्ताह में जहां 31.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं उसमें से दो वाहनों से 8.45 लाख रुपये की वसूली भी की जा चुकी है। फील्ड में पुलिस विभाग का लगातार सहयोग रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार संबंधित एसएचओ तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दे रहे हैं।

### साइबर ठगों ने युवक से किया 96 हजार रुपये का फ्रॉड

**नारनौल।** क्रेडिट कार्ड पर अवॉर्ड देने के नाम पर साइबर ठगों ने एक युवक से 96 हजार रुपये का फ्रॉड कर लिया। इस बारे में पीड़ति ने साइबर थाना में शिकायत दी है। जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी गई शिकायत में महेंद्रगढ़ की रेलवे रोड नजदीक कोऑपरेटिव बैंक निवासी दीपक गोयल ने बताया कि उसने कोटक महेंद्रा बैंक का क्रेडिट कार्ड बनवाया हुआ है। इसको वह दो साल से यूज कर रहा है। बीते दिनों उसके पास मैसेज आया कि उसके क्रेडिट कार्ड पर अवॉर्ड मिल रहा है। इसके बाद उसने इस बारे में विस्तार से बताया। थोड़ी देर बाद उसके वॉट्सएप पर एक मोबाइल नंबर से दो यूआरएल लिंक आए। उनके कहे अनुसार उसने दोनों लिंक को अपडेट कर दिया। अपडेट करते ही उसके क्रेडिट कार्ड से 96349 रुपये कट गए। इसके बाद में उसे पता चला कि उसके साथ फ्रॉड हुआ है। जिस पर उसने ऑनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

## जलमहल के पास ईंधन में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जलमहल के पास रखे ईंधन में रविवार दोपहर को आग लग गई। आग लगने से अनेक लोगों का ईंधन जलकर राख हो गया। वहीं आग लगने की इस घटना से लोगों में रोष बना हुआ है। लोगों का कहना है कि तीन दिन पहले भी यहां पर आग लगी थी। यहां कोई जानबूझकर आग लगा रहा है। जानकारी के अनुसार जल महल के पास पुरानी मंडी के लोगों ने खाली जगह में लकड़ी का ईंधन रखा हुआ है। यहां पर करीब 100 से ज्यादा घरों के लोगों ने ढेरी बनाकर ईंधन रखा है।

ललित कुमार, संदीप, राकेश, अजीत आदि ने बताया कि यहां पर तीन दिन पहले भी आग लगी थी। जिसको लोगों ने काबू कर लिया था। अब फिर से वहीं पर आग लगी है। ऐसे में उन्हें लगता है कि किसी ने जानबूझकर आग लगाई हो। आग लगने की वजह



करीब 20 से अधिक लोगों का ईंधन जल गया। लोगों का कहना है कि आग लगने की जैसे ही सूचना मिली, आग को बुझाने लगे। इस दौरान दमकल को भी सूचना दी गई। कई लोगों ने अपना ईंधन बचा लिया। आग दोपहर में करीब 12 बजे लगी थी। जिसके बाद दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल की गाड़ी ने करीब एक घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान पानी खत्म हो जाने के कारण दमकल कर्मी ने दुबारा से गाड़ी में पानी भरवाया तथा पूरी तरह से आग बुझाई।

### चूल्हे की आग में गिरने से 62 वर्षीय वृद्धा की मौत

**मंडी अटेली।** सिहमा में अपनी बेटी के घर आई 62 वर्षीय सुन्दरह निवासी प्रेम देवी की चूल्हे की आग में गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिला चूल्हे पर सुबह लगभग 11 बजे खाना पका रही थी। महिला बीपी शुगर की पेशेंट थी। बताया जा रहा है कि अचानक उसको चक्कर आने के चलते वह चूल्हे में गिर गई। उसके कपड़ों में आग लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। उसके बाद उसको नारनौल के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लगभग पांच दिन पहले महिला सुंदरह गांव से सिहमा में अपनी बेटी से मिलने के लिए आई थी। घटना के वक्त वृद्धा घर पर अकेली खाना पका रही थी तथा उसका चेहरा चूल्हे में टिक गया था इस मामले में फैजाबाद पुलिस चौकी के इंचार्ज ने बताया कि महिला का नारनौल नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## शहर के मुख्य बाजार की सड़क होने के कारण बढ़ी ग्राहकों व व्यापारियों की परेशानी

# दो बार निर्माण होने के बाद ढाई साल में दम तोड़ गई सिनेमा रोड की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शहर के सिनेमा रोड पर नगर पालिका की ओर से बनाई गई सड़क महज ढाई साल में दम तोड़ गई है। सड़क में बने गहरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित रहा है। लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों पर जूं तक नहीं रेंग रहीं।

- व्यापारियों का व्यापार हो रहा है प्रभावित

बता दें नगर पालिका के नई कार्यकारिणी गठन होने के कुछ पश्चाता शहर के सिनेमा रोड की सड़क का निर्माण किया गया था। सिनेमा रोड के व्यापारियों ने ठेकेदार पर घटिया सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद व्यापारियों ने नगर पालिका के सचिव से भी मुलाकात थी। नगर पालिका के सचिव का कहना था कि मामला उनके संज्ञान नहीं है। इस मार्ग की सड़क का दोबारा से निर्माण कराया जाएगा। ठेकेदार के दोबारा से महज खानापूर्ति करते हुए दोबारा से सड़क का निर्माण भी कर दिया गया। स्थानीय व्यापारी लगातार ठेकेदार के कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते रहे, लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों एक बार मौके पर पहुंच का सड़क के निर्माण कार्य की जांच नही की। अब अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा शहर की जनता को उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा सिनेमा रोड जिले के कई गांवों को शहर से जोड़ता है। करीब दो दर्जन गांवों के लोग शहर आने के लिए इस मार्ग का प्रयोग करते है। सड़क की दयनीय स्थिति होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस मार्ग से कई शिक्षण संस्थानों की बसे होकर गुजरती है।



महेंद्रगढ़। जर्जर अवस्था सिनेमा रोड की सड़क। फोटो : हरिभूमि

### सड़क से रोडियां निकलनी शुरू

नगर पालिका द्वारा ढाई साल पहले आईटीआई सड़क को मॉडल सड़क का दर्जा दिया गया था। इस सड़क को करोड़ों रुपये की लागत से निर्माण करवाया गया था। मॉडल सड़क से ढाई साल में ही रोड़िया निकलनी शुरू हो गई है। वहीं कई जगह गहरे गड्ढे होने लगे है। टूटी सड़क के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बस स्टैंड होने के कारण यात्रियों की परेशानी अधिक बढ़ गई है। बस स्टैंड पर आने वाले वाहनों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही हैं।

### शहर की इन सड़कों की हालत हो चुकी हैं खराब

एसडीएम कार्यकाल के दौरान शहर में जिन सड़कों को निर्माण हुआ था। वो सड़के टूटनी शुरू हो गई हैं। इसके अलावा अन्य सड़कों की हालात ओर भी बेकार हो चुकी हैं। शहर की 11 हट्टा बाजार, सराफा बाजार, परशुराम चौक से मसानी तक, फूलचंद हनुमान मंदिर से मस्जिद तक, ब्रहमचारी रोड़ से राव बहादुर सिंह की कोठी तक, पूर्व जिला प्रमुख रामसिंह की कोठी से मोहल्ला खटीकान तक, बालाजी चौक से रेलवे स्टेशन तक, रेलवे स्टेशन से लेकर माजरा फाटक तक, बालाजी चौक से सब्जी मंडी, नेमी मिष्ठान भंडार से विधायक राव दानसिंह के मकान तक, मोहल्ला कुम्हारान, मॉडल संस्कृति स्कूल से कॉलेज तक सड़क हालात बिल्कुल खस्ता हो चुकी हैं। इसके अलावा पिछले दिनों बनाई सड़क से भी रोड़ियां निकलनी शुरू हो गई हैं।

## हरियाणवी पहनावा



हरियाणा का पारंपरिक पहनावा पुरुषों के लिए धोती, कुर्ता और पगड़ी, और महिलाओं के लिए घाघरा, चोली और चुंदड़ी है, जो राज्य की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाते हैं। हालांकि शहरी महिलाओं और पुरुषों में अब यह पहनावा कम ही देखने को मिलता है। युवाओं में तो आधुनिक वेशभूषा का ही क्रेज हैं। स्कूल व कॉलेजों के सांस्कृतिक समारोहों में जरूर यह पारंपरिक पहनावा देखने को मिल जाता है।

# हमारी योग पद्धति का दुनिया में बज रहा डंका

**भारत सरकार ने योग और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए हरियाणा के कई युवाओं को विदेशों में भेजा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर प्रस्ताव रखा था, जिस पर 177 देशों ने सहमति दी थी। इसके तहत 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। पहली बार 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया और यह आज तक बदस्तूर जारी है।**

**भारत को योग का घर माना जाता है। योग की उत्पत्ति 5000 साल पहले उत्तरी भारतीय सिंधु सभ्यता में हुई थी। सिंधु घाटी सभ्यता में योग के अभ्यास के साक्ष्य मिले हैं। वैदिक काल में भी योग की परंपरा थी। ऋग्वेद में योग शब्द का उल्लेख मिलता है। शास्त्रीय काल में महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र नामक ग्रंथ में योग के विभिन्न पहलुओं को व्यवस्थित रूप से संकलित किया था। वर्तमान काल में योग दुनियाभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है।**

योग और संस्कृति

**राज कुमार नरवाल**

योग स्वस्थ तन एवं मन की प्राप्ति के लिए की जाने वाली एक क्रिया है। योग एक अत्यंत आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक अभ्यास है, जिसकी उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी। भारत को योग का घर माना जाता है। योग की उत्पत्ति 5000 साल पहले उत्तरी भारतीय सिंधु सभ्यता में हुई थी। सिंधु घाटी सभ्यता में योग के अभ्यास के साक्ष्य मिले हैं।

वैदिक काल में भी योग की परंपरा थी। ऋग्वेद में योग शब्द का उल्लेख मिलता है। शास्त्रीय काल में महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र नामक ग्रंथ में योग के विभिन्न पहलुओं को व्यवस्थित रूप से संकलित किया था। वर्तमान काल में योग दुनियाभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। साल 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। जिस पर 177 देशों ने अपनी सहमति जताई थी। 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। पहली बार 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था। तब से हर साल 21 जून को दुनियाभर के देशों में योग दिवस जोश के साथ मनाया जाता है। हरियाणा में भी प्राचीन समय से ही योग की परंपरा रही है। शुरू से ही यहां पर कसरत, कबड्डी व कुश्ती जैसे क्रिया कलाप होते रहे हैं। यहां तक कि शिक्षा के केंद्रों में भी विद्यार्थियों को इनका अभ्यास करवाया जाता रहा है। हरियाणा के लोगों को बचपन से ही शारीरिक श्रम करने का शौक रहा है। आज भी हरियाणा के अनेक खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।




कुरुक्षेत्र के अजय राठी फिलहाल स्पेन में योग की शिक्षा का प्रचार कर रहे हैं। वे स्पेन के अलावा त्रिनिनाद, टोबागो, डोमिनिका, ग्रेनाडा, आदि देशों में योग गतिविधियों का सुपरविजन कर रहे हैं।

## विदेशों में योग सिखा रहे हरियाणवी

हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से कई योग शिक्षक विदेशों में इंडियन कल्चर डिप्लोमैट के तौर पर योग और भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। महम के खरकड़ा गांव से डॉ. सोमवीर आचार्य सुरीनेम में भारतीय योग दर्शन, हिंदी, संगीत, नृत्य आदि का फैलाव कर रहे हैं। डॉ. सोमवीर आचार्य ने बताया कि कुरुक्षेत्र के अजय कुमार राठी फिलहाल स्पेन में योग की शिक्षा का प्रचार कर रहे हैं। वे स्पेन के अलावा त्रिनिनाद, टोबागो, डोमिनिका, ग्रेनाडा, मोन्सट्रेट आदि देशों में योग गतिविधियों का सुपरविजन कर रहे हैं। अजय कुमार राठी इससे पूर्व रूस और चीन में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इससे पहले भारत सरकार ने पानीपत के कवि गांव निवासी डॉ. देवेंद्र सिंह को हांगकांग, फरीदाबाद के मनोज को स्पेन, झज्जर से जयवंती सिंह को स्लोवाकिया, झज्जर के आशीष गहलावत को सऊदी अरब, डीघल के राम अहलावत को रूस में, बरहाना से अजीत अहलावत को पोर्ट मोरेस्बई, मातनहेल गांव की बहु सोनू को बेल्जियम भेजा था। इनके अलावा भी हरियाणा के कई युवक युवतियां विदेशों में योग एवं प्राणायाम और भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार करने में जुटे हैं



डॉ. सोमवीर आर्य (द्वितीय सचिव) सांस्कृतिक राजदूत, भारतीय राजदूतावास, सूरीनाम, दक्षिणी अमेरिका।



भारतीय संस्कृति और योग के शिक्षक रोहतक, (हरियाणा) निवासी डॉ. जसबीर उच्चायोग के आधिकारिक क्षेत्र अकरा, घाना में योग गतिविधि की देखरेख करते हैं।

## योग के मुख्य अंग

**यम :** सामाजिक आचरण (सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह)
**नियम :** व्यक्तिगत आचरण (शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान)
**आसन :** शारीरिक मुद्राएं
**प्राणायाम :** श्वास नियंत्रण
**प्रत्याहार :** इंद्रियों को नियंत्रित करना
**धारणा :** एकाग्रता
**ध्यान :** चिंतन
**समाधि :** ध्यान की चरम अवस्था।

आज, योग एक लोकप्रिय व्यायाम और कल्याण पद्धति के रूप में दुनिया भर में जाना जाता है। योग का नियमित अभ्यास शरीर को स्वस्थ और लचीला बनाता है, मानसिक शांति और संतुलन प्रदान करता है, और समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है।

## योग प्रोटोकॉल में शामिल मुख्य बातें

**प्रार्थना :** योग अभ्यास की शुरुआत से पहले, शांति और सकारात्मकता के लिए प्रार्थना की जाती है.

**चालन क्रिया :** शरीर को वार्म-अप करने और लचीलापन बढ़ाने के लिए, गर्दन, कंधे, कमर, और घुटनों की चालन क्रियाएं की जाती हैं.

**आसन :** योग के मुख्य भाग में, विभिन्न आसन (जैसे खड़े होकर, बैठकर, पेट के बल, और पीठ के बल) किए जाते हैं.

**प्राणायाम :** सांस लेने की तकनीकें, जैसे कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, और शीतली, शरीर और मन को शांत करने के लिए की जाती हैं.

**ध्यान :** ध्यान के माध्यम से, एकाग्रता और मानसिक शांति प्राप्त करने का अभ्यास किया जाता है.

**संकल्प :** योग अभ्यास के अंत में, एक सकारात्मक संकल्प लिया जाता है, जो पूरे दिन के लिए प्रेरणा प्रदान करता है.

**शांति पाठ :** योग सत्र के समापन पर, शांति और सद्भाव के लिए शांति पाठ किया जाता है।

## कृष्ण, महावीर व बुद्ध ने भी योग का विस्तार किया

भगवान शंकर के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों से ही योग का प्रारम्भ माना जाता है। बाद में कृष्ण, महाबीर और बुद्ध ने इसे अपनी तरह से विस्तार दिया। इसके पश्चात पतंजलि ने इसे सुव्यवस्थित रूप दिया। इस रूप को ही आगे चलकर सिद्धपंथ, शैवपंथ, नाथपंथ, वैष्णव और शाक्त पंथियों ने अपने-अपने तरीके से विस्तार दिया।

## सामान्य योग प्रोटोकॉल में ये अभ्यास शामिल

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, सामान्य योग प्रोटोकॉल में प्रार्थना, योग आसन (जैसे ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, शवासन), प्राणायाम (जैसे कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, शीतली), ध्यान, संकल्प, और शांति पाठ जैसे अभ्यास सिखाए जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर, आयुष मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य योग प्रोटोकॉल में इन अभ्यासों को शामिल किया गया है, ताकि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा दिया जा सके।



कविता

**डॉ. शील कुमार**



## भारत की हो जय जयकार

परम वैभवी भारत बणज्यआ,
संघ शक्ति का हो विस्तार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,
भारत की हो जय जयकार।।

ना भेद-भाव हो मन मैं,
ना मंदिर-कुआं न्यारा हो।
ना जात-पात हो दिल मैं,
बस सबका भाई चारा हो।
सामाजिक समरसता होज्या,
मिट ज्यागी सारी तकरार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

कुटुंब प्रबोधन करकै,
घर मैं सबनै सम्मान मिलै।
हों बालक आज्ञाकारी,
और देश-धर्म का ज्ञान मिलै।
टुटणै तै परिवार बचैंगे,
घर मैं बणे रहं संस्कार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

स्व का भाव जगाकै,
स्वदेशी का इब ध्यान करो।
स्वभाषा व संस्कृति,
महापुरुषों पै अभिमान करो।
उज्ज्वल अपणी परम्परां सैं,
जीवन का सैं ये आधार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

इब पाणी खूब बचाणा,
और प्लास्टिक दूर भगाणा सै,
पौधे नये लगाकै,
पर्यावरण बचाणा सै।
शुद्ध हवा और पाणी होज्या,
स्वस्थ रहैगा सब संसार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

हों यातायात के नियम,
चाहे बिजली फेर बचाणी हो।
सरकारी सम्पत्ति की,
हांम कदै करां ना हानि हो।
नागरिक के कर्तव्य निभावां,
भारत मां के पहरेदार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

रागनी

**भूपसिंह भारती**



## पेड़ ही पेड़ लगाओ

जग म्ह जीणे की खातिर, पौधे पांच लगाओ।
सूखी अर वीरान धरा नै, फेर तै हरी बणाओ।।

धरती की हम करा रूखाली, बण कै सच्चे माली,
फळ फुलां तै लदी रहै सै, म्हारी एक एक डाली,
फेर करी क्यूं नजर कुदाली, हमनै काट बगाओ।

गहरी सीली छाया द्याँ, अर देवां हम अन्न पाणी,
जीव जंतु संतान सगी रै, ना समझी कदे बिराणी,
कदे ना कदर पिछाणी, थम म्हारा गळ कटवाओ।

समझ नहीं थारै आई, हम धरती के आभूषण,
पर्यावरण नै शुद्ध करा, भई करकै दूर प्रदूषण,
पेड़ करै सबका पोषण, थम शोषण नै रुकवाओ।

सब बातां नै छोड़ कै सारे, मिल कै शपथ उठाओ,
पेड़ो की रखवाळ करो अर, पेड़ ही पेड़ लगाओ,
कहै 'भारती' पेड़ लगाकै, इणका संताप मिटाओ।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

केश विन्यास

**हरियाणवी महिलाओं की गौरवशाली पहचान चूंडा साफ-सुथरी और व्यवस्थित जीवनशैली का प्रतीक कहलाता था**



# चूंडा : विलुप्त होती एक हरियाणवी परंपरा

श्रृंगार

**आशा कुमारी**

हरियाणा की सांस्कृतिक परंपराएं जितनी गहरी हैं, उतनी ही आकर्षक भी हैं। लोकगीत, पहनावा, बोली और नृत्य के साथ-साथ यहाँ की स्त्रियों की सजने-संवरने की शैली भी समय-समय पर लोगों का ध्यान आकर्षित करती रही है। ऐसी ही एक विलुप्त होती परंपरा है 'चूंडा' बनाने की हेयरस्टाइल, जो कभी हरियाणा की पहचान और ग्रामीण स्त्रियों की शोभा मानी जाती थी।

### चूंडा क्या होता है?

चूंडा एक पारंपरिक हेयर स्टाइल थी जिसमें महिलाओं के बालों को अलग-अलग सेक्शनों में बाँटकर, बारीकी से छोटी-छोटी चोटियों में गूंथा जाता था। फिर उन सभी चोटियों को मिलाकर सिर के ऊपरी हिस्से पर एक गोल जूड़ा बनाया जाता था। इस जूड़े को सजाने और स्थिर रखने के लिए काले रंग के सूती धागों की मदद से बालों को बाँधा और लपेटा जाता था। ये काम गाँव की एक विशेष महिला जिसे 'नाण' कहा जाता था, करती थी। 'नान' वह स्त्री होती थी जो अनुभवी होती थी चूंडा बनाने में। हर गांव में एक-दो नाण होती थीं जो त्योहारों, शादी-ब्याह और विशेष अवसरों पर युवतियों और महिलाओं से उपहार भी प्राप्त करती थी। आप कह सकते हैं नाण पुराने जमाने की ब्यूटीशियन होती थी। चुटिला जो काले सूती धागों से बनता था, का इस्तेमाल सबसे ज्यादा चूंडा बनाने के लिये होता था। शादी या त्योहार के अवसरों पर काले धागे जिनके छोर पे लाल, पीले, हरे जैसे रंगीन धागों को भी इस्तेमाल किया जाता था। बालों को बाँधकर आखिर में चूंडे को इन्हीं कपड़ों से लपेटकर एक साफ-सुथरी और सुंदर आकृति दी जाती थी।

### हर दिन नहीं थोए जाते थे बाल

उस समय बालों को जल्दी-जल्दी नहीं धोया जाता था। आमतौर पर महिलाएं सप्ताह में एक बार बाल धोती थीं, और बाकी दिनों में चूंडा बनाने की वजह से बाल धूल और गंदगी से सुरक्षित रहते थे। गूंथे हुए बाल उलझते नहीं थे, और न ही खुले बालों की तरह चेहरे पर आते थे। इस प्रकार चूंडा एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित जीवनशैली का प्रतीक था। हरियाणवी बोली में चूंडा को लेकर कई मुहावरे और कहावतें प्रचलित थीं। जैसे कि 'चूंडा पाड़ देना' जो लड़ाई की तीव्रता को दर्शाने के लिए प्रयोग किया जाता था।



### लोकनृत्य में चूंडे की प्रतीकात्मकता

आज भले ही महिलाएं रोज चूंडा न बनाती हों, लेकिन हरियाणवी नृत्य में यह आज भी जीवित है। नर्तकियाँ अपने सिर पर एक कोन जैसी आकृति (कार्डबोर्ड या कागज़ की बनी) रखती हैं, जो चूंडे का ही प्रतीक होती है।

यह न केवल एक सजावट होती है, बल्कि यह दर्शकों को हरियाणवी संस्कृति की जड़ों से जोड़ने का काम करती है। इसलिए फिल्मों में भी हरियाणवी पोषाक के साथ सिर पर चूंडे को दर्शाया जाता है। चूंडा बनाना अक्सर अकेले नहीं होता था। नाण जब महिलाओं के बाल बनाती थीं, साथ बैठकर गप्पें मारती थीं, लोकगीत गाती थीं और एक-दूसरे को गाँव की सारी खबरें देती थी। इससे शायद सोशल मीडिया की कमी कुछ पूरी होती होंगी। यह एक सामूहिकता का अनुभव था। इसमें आपसी रिश्ते भी मजबूत होते थे और परंपरा भी आगे बढ़ती थी। आज के समय में, जब जीवन की रफ्तार तेज हो गई है और फैशन ट्रेंड्स इंस्टाग्राम से तय होते हैं, ऐसे में चूंडा जैसी परंपराएं पीछे छूटती जा रही हैं। अब शायद ही किसी लड़की या महिला के सिर पर वह खूबसूरत चूंडा दिखता है, जो उसकी दादी या नानी कभी बनाती होंगी।

### संस्कृति की चोटी पर बंधी स्मृति

चूंडा न केवल एक जूड़ा होता था, बल्कि हरियाणवी स्त्री की गौरवशाली पहचान थी। यह बालों के सजने से कहीं ज्यादा, परंपरा, स्त्रीत्व और सौंदर्य का प्रतीक था। आज जब हम अपनी संस्कृति की ओर पुनः लौटने की बातें कर रहे हैं, तो हमें ऐसी छोटी-छोटी परंपराओं को भी संजोकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना होगा।

### फिर से दिलानी होगी पहचान

हरियाणा के कलाकार चाहें तो अब चूंडा जैसी शैलियों को फिर से पहचान दिलाने की कोशिश कर सकते हैं? इसके लिए लोकनृत्य प्रशिक्षण, गांवों में आयोजित सांस्कृतिक मेलों और स्कूलों की लोककला कार्यशालाओं में चूंडा बनाना सिखाया जा सकता है। युवतियां भी अब इसे एक 'विंटेज हेयरस्टाइल' के रूप में देख सकती हैं।

# लोक साहित्य की वाचन परंपरा का खास महत्व : रविन्द्र रवि

कलाकार

**ओ.पी. पाल**

हरियाणवी संस्कृति में लोक साहित्य को अपनी आवाज के जादू से नया आयाम देते आ रहे रविन्द्र कुमार रवि अनूठी साधना में जुटे हैं। मसलन कवि सम्मेलन, काव्य मंच, आकाशवाणी व टीवी चैनलों के माध्यमों से साहित्य की विधाओं को स्थान मिलता रहा है, लेकिन वह सोशल मीडिया पर साहित्य की वाचन-परंपरा का नया चितेरा बनकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं, जो करीब नौ वर्षों से हिंदी और हरियाणवी में अपनी कलम और आवाज के जादूगर के रूप में एक मजबूत व्यक्तित्व और बेहतरीन मंच संचालक के रूप में उभरे हैं।

अंग्रेजी शिक्षक एवं साहित्यविद्, लेखक एवं आवाज के जादूगर रविन्द्र कुमार रवि ने हरिभूमि संवाददाता से बातचीत के दौरान कई ऐसे तथ्यों को उजागर किया है, जिसमें वह अपनी वाचन कला की प्रतिभा के बल पर हरियाणवी संस्कृति में लोक साहित्य की वाचन परंपरा को देशभर की रचनाधर्मिता से जोड़े हुए हैं। रविन्द्र कुमार 'रवि' का जन्म 18 जुलाई 1978 को हरियाणा के रेवाड़ी जिले के गांव सुरेहली में फतेह सिंह और चंद्रकला के घर में हुआ। उनके पिता सेना में देश की सेवा में रहे तथा माता गृहणी के रूप में धार्मिक प्रवृत्ति के साथ परिवार को संस्कार देने में जुटी रही। परिवार में कोई साहित्यिक और सांस्कृतिक माहौल नहीं रहा, लेकिन बचपन से रेडियो सुनने के शौकीन रहे रविन्द्र रवि यादव लोक संस्कृति पर आधारित काव्य सृजन यानी काव्य मंचों पर तरन्नुम में मधुरकंठी काव्यपाठ से छाप छोड़ने में माहिर हैं। पठन पाठन, वाचन, संगीत सुनना, हिंदी हरियाणवी में लिखना उनकी अभिरुचि में समाया हुआ है। रवि ने नाहड़ के सरकारी कालेज से स्नातक, मोरनी हिल्स से जेबीटी की पढ़ाई पूरी की, जिसके बाद छह वर्ष तक एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे। इनकी बाद में दिल्ली सरकार के स्कूल में अंग्रेजी के जेबीटी शिक्षक के तौर पर नियुक्ति हुई। इसके साथ ही वह अपने लोक साहित्य को नया आयाम देते हुए रचनात्मक कार्य में जुटे रहे। वर्ष 2016 में वे बोल हरियाणा के एक बड़े मंच से जुड़े और उनकी इस कला की प्रतिभा को ऐसे पंख लगे कि उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। बकौल रवि उन्होंने बोल हरियाणा देश के विभिन्न कोनों के वरिष्ठ रचनाकारों की चार सौ से ज्यादा लघुकथाओं तथा 'बोल किताबों ताई के' नामक शीर्षक से अपनी हरियाणवी रचनाओं की एक लंबी श्रृंखला को स्वर देकर विशिष्ट पहचान बनाई। अब तक वह करीब पांच सौ बोल किताबो ताई के लिख चुके हैं। फोटो आधारित इन छह पंक्तियों में हरियाणवी जीवन के हर पहलू को लिखने का प्रयास किया है। वहीं उन्होंने कोरोना काल में अपने उक्त स्थायी स्तंभों के अलावा एक चिट्ठी अपनों के नाम, माई लाइफ ड्यूरिंग लॉकडाउन, आपके जज्बात के साथ आदि समसामयिक स्तंभों का लेखन करके अपना रचनात्मक योगदान दिया है। उनका कहना है कि अंग्रेजी उनके कार्य क्षेत्र के लिए एक विषय है, लेकिन हिन्दी भाषा रगों में रची-बसी है और हरियाणवी मां बोली है।





### यहां से मिली मंजिल

आवाज के जादूगर रविन्द्र रवि ने बताया कि उनकी इस रचनात्मक यात्रा में जनवरी 2019 में एक नया पड़ाव उस समय आया, जब उन्होंने इसी परंपरा पर आधारित नवाचारी प्रकल्प प्रारंभ किया। बोलता साहित्य-विद रवि यादव नामक इस यूट्यूब चैनल के माध्यम से उन्होंने फिर नए प्रयोग करने शुरू किए। इसी माध्यम से वह अभी तक शताधिक लघुकथाएं, करीब एक दर्जन कहानियां, डेढ़ सौ से ज्यादा कविताएं, काफी ज्यादा संख्या में समीक्षाएं, संस्मरण, पत्र आदि रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर चुके हैं। वह विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन भी कर चुके हैं तथा प्रसारित संस्मरणों पर आधारित कुटुंब नामक एक ई-बुक भी लॉन्च कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि कथा कहानी कार्यक्रम में 400 से ज्यादा लघुकथाओं का प्रसारण हुआ इसके साथ-साथ बड़ी कहानियां एवं कविताओं का भी प्रसारण रेडियो बोल हरियाणा पर हुआ। आधुनिक युग में लोक कला एवं संस्कृति को लेकर रविन्द्र कुमार रवि का कहना है कि हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत सदियों पुरानी और समृद्ध रही है। हरियाणा की लोक संस्कृति, कला, रंगमंच और साहित्य ने सदा से समाज को दिशा दी है। इस आधुनिक युग में भी लोक कला और संस्कृति ने अपना विशिष्ट स्थान बए रखा है।

### पुरस्कार और सम्मान

अपनी इस अनूठी साहित्यिक कला की साधना में जुटे रविन्द्र रवि को अनेक सम्मानों से नवाजा जा चुका है, जिनमें प्रमुख रुप से बोल हरियाणा गौरव सम्मान, लघुकथा हितैषी सम्मान, हिंदी गूंज पुरस्कार, हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए हिन्दी सेवी सम्मान, शिक्षा के क्षेत्र में आउट स्टैंडिंग टीचर ऑफ डेल्ही शिक्षक सम्मान, वेस्ट दिल्ली जोनल बेस्ट टीचर अवॉर्ड, यूनेस्को के वर्ल्ड वाइड न्यूज लेटर में सम्मान के अलावा अनेक सामाजिक,साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्थाओं से भी अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं।

## खबर संक्षेप


निधि


अवीषा

### दो बेटियों ने हासिल की नीट में सफलता

**महेंद्रगढ़।** गांव बवानिया में एक ही परिवार की दो बेटियों ने नीट की परीक्षा में पाई सफलता हासिल कर अपने माता-पिता एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा निधि पुत्री महेश ने नीट परीक्षा में 628 अंक प्राप्त कर आल इंडिया में 153वां रैंक और ओबीसी वर्ग में 287वां स्थान प्राप्त किया है। निधि के पिता किसान है और मां ग्रहणी है। अविशा पुत्री संदीप ने भी 572 अंक प्राप्त कर आल इंडिया में 4936 वां स्थान हासिल किया।

### उन्हाणी की प्रिया ने नीट में पाई सफलता

**कनीना।** उपमंडल के गांव उन्हाणी की छात्रा प्रिया महलावत ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिजनों का नाम रोशन किया है। पूर्व सरपंच रविंद्र महलावत की भतीजी प्रिया ने 3066वां ऑल इंडिया रैंक हासिल किया है। प्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों व गुरुजनों को दी दिया है। ग्रामीणों ने बेटी को सम्मानित किया है।



### हिमांशु ने हासिल की 318वीं रैंक

**महेंद्रगढ़।** गांव सुरजनवास निवासी छात्र हिमांशु ने अपने पहले प्रयास में ही नीट परीक्षा में 318 रैंक हासिल कर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्धि में दादी व माता-पिता को वह कठिन फैसला भी शामिल है। इस कामयाबी के बाद हिमांशु को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उन्होंने अपनी सफलता का क्षेत्र माता-पिता व शिक्षक को दिया। उनके पिता प्रधान सिकंदर यादव ने बताया कि हिमांशु कि सफलता न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा है। अगर हौसला और मेहनत हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं है।



### हर्ष शर्मा नीट परीक्षा में 541वीं रैंक हासिल की

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव मिर्जापुर के हर्ष शर्मा पुत्र कुलदीप शर्मा ने नीट 2025 परीक्षा में 541 अंक लेकर परिवार एवं गांव के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया। हर्ष शर्मा ने यह परीक्षा एक अच्छे रैंक के साथ पास की। हर्ष की बड़ी बहन पहले ही करनाल से एमबीबीएस कर रही है। दादा श्रीराम शर्मा ने बताया की बच्चों की स्वर्गीय दादी का सपना था उनके पोता और पोती डॉक्टर बने। हर्ष की इस उपलब्धि पर उसके चाचा जगमोहन, अरविन्द व अन्य परिजनों ने बधाई दी।



### कांग्रेस पार्टी में शीघ्र होंगी संगठनात्मक नियुक्तियां

**कनीना।** कांग्रेस पार्टी की ओर से चलाए जा रहे पार्टी संगठन व सजृन अभियान के चलते रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीगंगानगर से कांग्रेस पार्टी के सांसद कुलदीप इंदौरा सहित महेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक राव दान सिंह व पार्टी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी संगठन के विस्तार पर फोकस किया। सांसद ने शीघ्र ही पार्टी की सुंगठनात्मक नियुक्तियां किए जाने की बात की। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के युवा हल्का अध्यक्ष राजकुमार यादव के अलावा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी आयोजित

# साहसी वीर युवा ही जोश अपना जागते हैं, देश सेवा का व्रत लेकर फर्फ अपना निभाते हैं: कवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶नारनौल

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से काव्य गोष्ठी का आयोजन सन प्लाजा बिल्डिंग स्थित ट्रस्ट के कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर साहित्य के संवर्धन में अतुलनीय योगदान देने पर साहित्य सम्मान से भी साहित्य साधकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन मुख्य अतिथि भारती सैनी, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. रामनिवास मानव, रोटेरियन पवन यादव, ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा, कार्यक्रम संयोजक ओशिन शुक्ल ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस काव्य संगोष्ठी में कवियत्री ममता शर्मा रेवाड़ी से पहुंचे युवा व उदीयमान कवि यतिन चारण, महेंद्रगढ़ से रविन्द्र पंडित ने शानदार काव्य प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप भारती सैनी व अध्यक्ष के रूप में डॉ. रामनिवास मानव, विशिष्ठ अतिथि के रूप में पवन यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना से हुआ। सर्वप्रथम ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने स्वामी जी का संदेश युवाओं तक पहुंचाया।


**नारनौल।** काव्य गोष्ठी में मौजूद गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

मुख्य अतिथि भारती सैनी ने कहा कि कवि अपनी कलम की धार और मार से समाज को नई दिशा दे सकता है। डॉ. मानव ने कहा कि ऐसी काव्य गोष्ठियां साहित्य का बीजारोपण करने में बहुत कारगर होती हैं। पवन यादव ने कहा कि जीवन का श्रृंगार व रस कविता में ही है। ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में बिखरी सहितियिक प्रतिभाओं को एक सूत्र में पिरोने के उदेश्य से ट्रस्ट की सहितियोक इकाई ने इस मासिक संगोष्ठी का आगाज किया।

### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में ट्रस्टी नरोत्तम सोनी, पूर्व प्राचार्य मनोज जोशी, शिक्षाविद राकेश शर्मा, दिनेश कौशिक, कृष्ण शर्मा एडवोकेट, दिनेश शर्मा नई सराय, केएल फ्लेक्स से पवन यादव, अमीचंद सैनी, टिंकू प्रधान, हन्नी गर्ग, सुरेश शर्मा कांवी, टेकचंद यादव, सर्वोदय विद्यालय से दलजीत शास्त्री, भाजपा जिला सचिव रवीना सोनी, सत्यवीर सिंह, सुरेश शर्मा, भाविप अध्यक्ष कविन्द्र सचदेवा, पूर्व बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा, ट्रस्टी अजय शर्मव, इन्द्रजीत, कुसुम निर्मल, सुमनलता सैनी, हितेंद्र बोहरा, अतर सिंह, जुगेन्द्र कुमार, प्रिंस पासवान, कृष्ण अवतार, रितेश आदि मौजूद थे।*

### खूब जमाया कवियों ने रंग

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से आयोजित काव्य गोष्ठी में उदीयमान और अनुभवी कवियों ने मिलकर रंग जमाया। ताल व तरन्नुम की तारतम्यता से माहौल खुशनुमा हो गया था। युवा कवियत्री डॉ. ममता शर्मा ने जब पिता दिवस पर अपनी कविता लगता है कोई जादूगर है या कोई अपूर्व निर्माता सुने तो श्रोता वाह वाह कर उठे। रेवाड़ी से पधारे यतिन चारण की पंक्तियां घर से दूर जब कोई परिंदा जाता है, ने सबको तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। महेंद्रगढ़ से आए रविन्द्र पंडित ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। काव्य गोष्ठी में युवा कवियों के साथ साथ अनुभवी कवि भी मंचासीन रहे। राष्ट्रिय स्तर पर पहचान रखने वाले कवि त्रिलोकचंद फतेहपुरी ने जब सुरीले कंठ से जिन्होंने तानकर सीना लहू अपना बहाया है, शहादत के वो परवाने सदा ही याद आते हैं गाया तो पंडाल तालियों से गूंज उठा। सभाचंद सुभाष दुबलाना ने अपनी कविता पाथर भी आखिर बोलेंगे, तू झार प्रेम की चलता चल, सूखे ठूंठ हरे होंगे, जद जल से सिंचन करता चल प्रस्तुत की तो श्रोताओं ने शानदार तालियों से समर्थन किया। सिंघानिया विवि से डॉ. प्रभात त्रिपाठी ने अपनी शानदार रचना प्रस्तुत करते हुए काव्य गोष्ठी को स्तर प्रदान किया। काव्य गोष्ठी में राकेश चौहान, डॉ. अश्विनी शर्मा, पूनमचंद गर्ग ने भी बहुत सुंदर रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। मंच संचालन ओशिन शुक्ला ने किया।


**महेंद्रगढ़।** बैठक में भाग लेते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## आशु कवि पंडित गणपतराम शर्मा की पुण्यतिथि पर होगा लोककवि सम्मेलन

**महेंद्रगढ़।** गांव गढ़ी में पंडित गणपतराम लोक संस्कृति मंच एवं ग्रामवासियों की एक बैठक आशुकवि पंडित गणपतराम शर्मा स्मृति स्थल गढ़ी पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंडित गणपतराम लोक संस्कृति मंच के अध्यक्ष महाशय रविदत मांडोला ने की। मंच के सचिव मनोज गौतम ने बताया कि यह बैठक आगामी 24 जून रात्रि में आशु कवि पंडित गणपत राम की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल लोककवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए की गई। बैठक में उपस्थित गांव के सरपंच कर्मवीर सैनी, पूर्व सरपंच ललित सिंह तंवर, मंच के कोषाध्यक्ष हनुमान गौतम, समाजसेवी महेंद्र सिंह एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने विचार विमर्श करके निर्णय लिया कि 24 जून को आशु कवि पंडित गणपत राम की 16वीं पुण्यतिथि को धूमधाम से मनाया जाए। हरियाणा राजस्थान के विभिन्न अखाड़ों से कवियों और सांगियों को आमंत्रित किया जाए। रविदत्त महाशय ने कहा कि इस लोक कवि सम्मेलन में भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार करने वाले हरियाणा व राजस्थान के प्रसिद्ध लोक गायको को सम्मानित भी किया जाएगा। आशु कवि पंडित गणपत राम हरियाणा राजस्थान के ही नहीं, बल्कि कई प्रदेशों में अपनी आशु कविता के लिए प्रसिद्ध रहे। उन्होंने बताया कि 24 जून को आशुकवि पंडित गणपत राम स्मृति स्थल गढ़ी पर रात्रि नौ बजे विशाल लोक कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस विशाल लोग कवि सम्मेलन में हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली के सुप्रसिद्ध कवि, सॉन्गी एवं साहित्य प्रेमी मौजूद रहेंगे। इस अवसर सचिव मनोज गौतम, पूर्व सरपंच ललित सिंह तंवर,चौधरी बिजेंदर उर्फ लीलाराम, मनोज शर्मा,, मोहित पंच, कृष्ण सिंह, महेंद्र सिंह समाजसेवी, नरेंद्र सैनी, गजानंद सेन, दिलीप सिंह कालू, वीरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, दिनेश सिंह, नरेंद्र, महासिंह तंवर, आशीष,अजय आदि मौजूद थे।

- गढ़ी में पंडित गणपतराम लोक संस्कृति मंच एवं ग्रामवासियों की बैठक का आयोजन

# नीट परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶महेंद्रगढ़

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा का परिणाम घोषित किया, जिसमें सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया।

संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में नेहा ने 720 अंकों में से सर्वाधिक 584 अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में खुशी ने 553 अंकों के साथ द्वितीय तथा रुचि ने 549 अंकों के साथ तृतीय, निखिल कुमार ने 547, काव्या ने 545, मनीष ने 541,


नेहा


खुशी

सुनील कुमार ने 540, प्रियांशु ने 538, अभिषेक ने 537, विष्णु ने 536, आकांक्षा ने 535, मेहा ने 534, विवेक ने 527, हिमांशी ने 525, समीक्षा ने 525, वैभव ने 525, सोमेश ने 520, नमन ने 518, शिवांगी ने 515, माणिक ने 515, हर्षिता ने 514, खुशी ने 513, तनीषा ने 510, हरमन ने 505, समीर ने 502, अविरल शर्मा ने 500, अभिनव ने 498, नेत्रपाल ने 496, सौम्या ने 495, पूजा ने 495, प्रियांशु ने 495, भूपेंद्र ने 493, विशेष ने 490, मेघा ने 487, आकाश ने 485, मुस्कान ने 480, कनक भारद्वाज ने 462 अंक एवं अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। इस अवसर पर संस्था के निदेशक संदीप प्रसाद ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से तथा कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास, अनुशासन के बल पर जीवन में बड़ी से बड़ी सफलता को प्राप्त किया जा सकता है।

# हैप्पी एवरग्रीन स्कूल के 42 छात्रों ने नीट परीक्षा में पाई सफलता

**महेंद्रगढ़।** शहर के डुलाना रोड स्थित हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 42 विद्यार्थियों ने मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश हेतु नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा में सफलता अर्जित कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता का नाम रोशन किया है। संस्था निर्देशक मनीष अग्रवाल ने बताया कि सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में केशव, अन्नु कुमारी, प्रियांशु, पीयूष, भूमिका, स्वीटी, आन्या, हिमांशी, अभिषेक व हैप्पी शर्मा ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। संस्था मैनेजर चंचल अग्रवाल ने बताया कि यह केवल बच्चों के लिए ही नहीं, अपितु संपूर्ण विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। संस्था प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने बताया कि इन बच्चों के शानदार परिणाम के पीछे छात्रों की कड़ी मेहनत तथा उनके अभिभावकों और अध्यापकों का बहुत बड़ा योगदान है। संस्था के संस्थापक सुभाष चंद अग्रवाल व उप संस्थापिका कौशल्या अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के परीक्षा परिणाम उच्च कोटि के शिक्षकों की बदौलत ही संभव हो पाता है। विंग कोर्डिनेटर संजीव शर्मा, राजेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, दीपक शर्मा, तरुण शर्मा, दिनेश कुमार व प्रशांत कुमार ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को अच्छे चिकित्सक बनने की कामना के साथ आशीर्वाद दिया।

# नीट में आरपीएस के 102 विद्यार्थियों ने हासिल किए 500 से अधिक अंक

- आरपीएस की सारिका ने नीट परीक्षा में आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 86 लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया

**महेंद्रगढ़।** एनटीए द्वारा घोषित नीट परीक्षा परिणाम में आरपीएस समूह के छात्रा सारिका ने 720 में से 625 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 86 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आरपीएस संस्था के 102 विद्यार्थियों ने पूरे देश-प्रदेश में इतिहास रचते हुए 500 से अधिक अंक अर्जित किए हैं। इस परीक्षा परिणाम पर आरपीएस विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, संस्था के सीईओ इंजी. मनीष राव, संस्था के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि आरपीएस एक ऐसा मंच है जहां पर हर बच्चे की प्रतिभा को तराश कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का काम अभिभावकों के विश्वास के अनुरूप किया जा रहा है। यह सब अभिभावकों के विश्वास का ही परिणाम है कि आज उनके बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं। नीट की परीक्षा में आरपीएस ग्रुप के सारिका ने 720 अकों में से 625 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 86, इकलव्य सिंह ने 616 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 364, गोपेश शर्मा ने 609 अंकों के साथ आल इन्डिया जनरल रैंक 550, रनित ने 607 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 292 प्राप्त किए हैं। इसके अलावा कशिश ने 597 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 508, प्रथम कुमार ने 592 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 653, दिपांशु ने 588 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1338, दिपेश ने 588 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1322, आरती ने 586, जानवी ने 585 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1528, कनिष्का ने 581 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1204, हिमानी ने 581 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1251, तनिशका जैन ने 581 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1743, साहिल ने 580 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1308, गौरव ने 580 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 299, हिंदवी ने 579 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1882, रितु ने 578 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1418, पूजा ने 578 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1449, चचंल ने 577 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 3947, हर्षित ने 576 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 97, स्नेहा ने 575 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 378, अनुज ने 574 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1757, निशा ने 574, आर्या यादव ने 572 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1982, अक्ष यादव ने 571 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 2097, हर्षित यादव ने 566 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 2538, निष्ठा ने 566, सुर्यपाल ने 565 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 2655, दिपेश तायल ने 565 अंकों के साथ आल इन्डिया जनरल रैंक 3219, रेहा ने 564 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 3306, तमन्ना यादव ने 564 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 2912, निकिता यादव ने 564, वंश मितल ने 563 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 3419, शुभम ने 562 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 3176, साईना ने 561 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 3350, साक्षी ने 560 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 3804, रोहित ने 557 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 3873, आदिती ने 553 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 4941, अंशिका ने 553 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 4543, दिव्या ने 552 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 4826, चंचल ने 552, मुदित शर्मा ने 550 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 5369 व इनके साथ-साथ मुस्कान ने 550, गुंजन ने 549 अंक, भाविका ने 548 अंक, कुनाल भारद्वाज ने 547 अंक, ईशा जैन ने 546 अंक, कृषा ने 545 अंक, रिया यादव ने 545 अंक, हिमांशी ने 544 अंक, आयुष ने 543 अंक, आदित्य कुमार ने 543 अंक, रितविक ने 543 अंक, नंनदीनी ने 541 अंक, योगेश ने 540 अंक, कंचन यादव ने 540 अंक, ईशा ने 540 अंक, रिद्धी ने 540 अंक, ख्याती ने 540 अंक, अर्जुन डाणा ने 539 अंक, चंचल यादव ने 538 अंक, मुस्कान ने 537 अंक, आजस्वी ने 537 अंक, खुशी ने 536 अंक, तान्या यादव ने 535 अंक, रीशिका ने 534 अंक, ईशा ने 534 अंक, खुशी यादव ने 533, चाहत ने 532 अंक, सानिया ने 532 अंक, तमन्ना ने 532 अंक, लविश ने 531 अंक, ओजस्वनी शर्मा ने 531 अंक, यशवीर ने 530 अंक, नंनदिनी ने 529 अंक, संस्था ने 529 अंक, नेहा ने 529 अंक, आदित्य यादव ने 529 अंक, जयंत ढिलो ने 528 अंक, दिव्यांशी ने 525 अंक, कशिश ने 525 अंक, अमीशा ने 516 अंक, खुशी ने 515 अंक, चावी ने 515 अंक, निष्ठा ने 513 अंक, कोमल ने 513 अंक, गरिमा ने 513 अंक, श्रेष्ठा ने 513 अंक, तन्नु ने 512 अंक, अनुष्का ने 510 अंक, जतिन शर्मा ने 509, महक पानू ने 508, दिपाली ने 507, निशा ने 505, गोरिश शर्मा ने 501 व कुनाल ने 500 अंक लेकर मेडिकल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लक्ष्य को प्राप्त किया है।


**महेंद्रगढ़।** छात्रा को बधाई देते शिक्षक एवं अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

# आकाश एकेडमी योग शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶महेंद्रगढ़

स्थानीय आकाश एकेडमी के प्रांगण में बाबा लालमण योगा नेचुरोपैथी, डायटिक्स केंद्र व आईअनओ के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित 7 दिवसीय योग साधना शिविर का सोमवार को शुभारंभ किया गया। शिविर में 15 से 21 जून तक सुबह 6:30 से 8: 00 बजे तक योगाभ्यास कराया जाएगा।

बाबा लालमन योगा नेचुरोपैथी संस्था की तरफ से योग शिक्षिका डॉ. नेहा चौहान ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योग प्रणालियों और आसनों की शिक्षा दी तथा प्रातःकालीन योग सत्र, ध्यान और प्राणायाम कक्षा में कपालभाति, अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार, शीर्षासन आदि योगासन कराते हुए उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र बैरावास ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। शरीर स्वस्थ रखने के लिए योग करना आवश्यक है। आज के व्यस्त जिंदगी में लोग अपने शरीर पर ध्यान नहीं देते हैं, जिससे वे बराबर अस्वस्थ रहते हैं। मुख्यातिथि एसडीओ राकेश कुमार बडगुजर ने कहा कि योग को जीवन का मुख्य अंग बनाना चाहिए। स्वास्थ्य के बिना जीवन के कुछ भी नहीं है। योग से हम शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। इस मौके पर मुकेश भट्टी, बजरंग रोहिल्ला, विकाश रामलवास, डॉ. नेहा चौहान, बबीता यादव व मणि देवी आदि मौजूद रहे।


**महेंद्रगढ़।** योगाभ्यास करते एकेडमी के छात्र। फोटो : हरिभूमि

# यदुवंशी के 86 छात्रों ने नीट परीक्षा में पाई सफलता

**महेंद्रगढ़।** शहर के बुचौली रोड स्थित यदुवंशी स्कूल के छात्रों ने नीट परीक्षा 2025 में एकबार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय के छात्रों ने नीट में सफलता प्राप्त कर चिकित्सा क्षेत्र में अपने सपनों की उड़ान भरने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 86 विद्यार्थियों ने मेडिकल में वर्चस्व कायम करते हुए रिकोर्ड तोड सफलता हासिल की। नीट परीक्षा में यदुवंशी की छात्रा मुस्कान गर्ग ने 599 अंक, आदित्य ने 588, विश्वजीत ने 575, ज्योति ने 573, करूणा 570, पायल कुमारी 569, अनुज यादव 563, निशु 557, मुस्कान 556, योगिका 543, रिषभ यादव 542, गौरव 540, रिया 534, ईशिका 532, सावी 531, कोमल यादव 527, किरण 526, राखी 524, कनिका 518, पायल 518, ईशु 516, प्रतिभा 513, सुहानी 510, संगीता 510, हितेश 509, रिमान्सु 507, खुशी यादव 507, यश 504, साहिल यादव 500, हर्षिता बंसल 499, वंशिका 499, अविनाश 494, सलोनी 494, नवीन कुमार 493, अनु 491, निलाक्षी 491, पारूल 490 अंक हासिल किए। इसके अतिरिक्त अक्षिता, रूचिका, नोवेश यादव, रीतु, गीता, भाया जैन, बिंदिया देसवाल, सोहित यादव, मुस्कान ने भी नीट परीक्षा को उतीर्ण किया। विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। छात्रों की मेहनत और लगन ने सफलता की नई मिसाल कायम की है। ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास से सफलता की नई ऊंचाईयों को छुआ है। सपनों को हकीकत में बदलने की विद्यार्थियों की यह उडान सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। छात्रों की यह सफलता हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेन्द्र सिंह यादव ने सभी सफलता प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की।

# आरोही मॉडल स्कूल की 4 बेटियों ने नीट में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶नारनौल

आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंढाणा की बेटियों ने नीट यूजी में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। आरोही स्कूल की नेहा पुत्री संतोष कुमार नांगल कालिया ने 539 अंक प्राप्त करके ऑल इंडिया रैंक 17968 व अन्य पिछड़ा वर्ग में 7986वां रैंक हासिल किया है। अंशु पुत्री विक्रम सिंह मुलौदी ने 489 अंक प्राप्त करके अनुसूचित जाति वर्ग में 1860 रैंक प्राप्त किया है। इसके अलावा संगीता पुत्री जसवीर सिंह नांगल कालिया ने 521 अंक प्राप्त करके अन्य पिछड़ा वर्ग में 14967वीं रैंक, अंशुका पुत्री नरेंद्र कुमार नांगल चौधरी ने ऑल इंडिया रैंक 46350वीं व अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में 22013वीं रैंक प्राप्त की है। इन सभी बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

विद्यालय प्राचार्य लीलूराम यादव ने नीट में शानदार प्रदर्शन करने वाली सभी बेटियों को बधाई दी। उन्होंने नितेश कुमार प्रवक्ता भौतिकी, अशोक कुमार बडेसरा प्रवक्ता जीव विज्ञान, राजपाल प्रवक्ता गणित, ज्योति सैनी प्रवक्ता रसायन शास्त्र, डॉ. पूनम प्रवक्ता अंग्रेजी व समस्त स्टाफ सदस्यों के मार्गदर्शन व मेहनत की सराहना की। हर वर्ष की तरह विद्यालय को एक बार फिर गौरवान्वित करने वाली यह उपलब्धि छात्राओं की कठोर मेहनत, लगन और आरोही विद्यालय के विज्ञान संकाय के अध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन, समस्त स्टाफ व अभिभावकों के संयुक्त सहयोग का परिणाम है। प्राचार्य आरोही विद्यालय लीलूराम यादव ने कहा कि छात्राओं की यह उपलब्धि सही दिशा में किए गए सकारात्मक प्रयासए कठोर मेहनत का परिणाम है। टीम आरोही के कुशल मार्गदर्शन का इस उपलब्धि में अत्यधिक योगदान रहा है। सभी बेटियों व स्टाफ सदस्यों को बधाई देते है।

### कठोर परिश्रम से मिली सफलता

प्रतिदिन सात से आठ घंटे अध्ययन किया तथा कठोर परिश्रम के आधार पर ही यह सफलता मिली है। आरोही विद्यालय से 12वीं पास की है। गुरुजनों, माता पिता का इस सफलता में विशेष योगदान रहा है। एक डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने का सौभाग्य मिलेगा, यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। -नेहा पुत्री संतोष कुमार गांव नांगल कालिया


**मंडी अटेली।** खुशी यादव को सम्मानित करती सरपंच आरती यादव।

## दूसरे प्रयास में खुशी यादव ने नीट परीक्षा में पाई सफलता

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव सलीमपुर निवासी खुशी यादव ने नीट की परीक्षा दूसरे प्रयास में पास कर ली है। ग्राम पंचायत सलीमपुर की सरपंच आरती यादव ने खुशी यादव की इस उपलब्धि को सराहा और उसे सम्मानित किया। यह सम्मान छात्रों को कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। इस मौके पर सरपंच आरती यादव ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत के विद्यार्थी अगर प्रतियोगी परीक्षाओं में गांव का नाम रोशन करता है तो ग्राम पंचायत उसको सम्मानित करेगी। इससे गांव के सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले अन्य बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरणा मिलेगी और उनमें प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सभी गांव व क्षेत्र में इस तरह मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाना चाहिए, जिसके जरिए अन्य विद्यार्थी भी सीख लेते हैं और परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अच्छे अंक प्राप्त करते हैं। खुशी यादव ने अपनी सफलता का श्रेय उसकी दादी राजबाला व पिता विक्रम सिंह तथा माता विजेश देवी को दिया है। इस मौके पर मास्टर जसवंत के अलावा अन्य उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने फादर्स डे पर संस्कार और भावनाओं का परिचय दिया

**महेंद्रगढ़।** गांव सेहलंग स्थित बीआर स्कूल के विद्यार्थियों ने गर्मी की छुट्टियों के दौरान फादर्स डे को बेहद रचनात्मक व भावनात्मक रूप में मनाया। कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने कार्ड, पत्र, कविता, वीडियो और चित्रों के माध्यम से अपने पापा को धन्यवाद दिया और उनके प्रति अपने स्नेह को व्यक्त किया। छात्रों ने अपने पापा के लिए माय डैड एंड मी थीम पर फोटो कोलाज बनाए, कुछ छात्रों ने पापा के लिए खुद खाना बनाया और कविताएं व नाट्य प्रस्तुतियां भी तैयार की। मेरे पापा को कितना जानते हैं नामक फादर क्विज गेम ने कार्यक्रम में रोचकता प्रदान की। यह आयोजन पिता और बच्चों के बीच के रिश्ते को और मजबूत बनाने में सहायक रहा, जिसे छात्रों और शिक्षकों दोनों ने खूब सराहा। स्कूल के चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि पिता हमारे जीवन के आधार स्तंभ होते हैं।



### अव्यवस्था: शहर में गंदे नाले पर अतिक्रमण, कैसे होगी बरसाती पानी की निकासी

# छलक नाले पर अतिक्रमण से जलभराव होने से बाढ़ का रहेगा खतरा, सीवर होंगे ओवरफ्लो

*शहर के लोगों ने रेवाड़ी रोड मोड़ावाला मंदिर के पास किया हुआ है अतिक्रमण तो नगर परिषद ने भी नालियों के कनेक्शन सीवर लाइनों से जोड़े, जिससे 'खाज में कोढ़ वाली कहानी' खुद नगर परिषद चरितार्थ कर रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में गंदे नाले की निकासी पर अतिक्रमण के कारण बरसात में जलभराव का खतरा मंडरा रहा है। छलक नाला, जो कभी नदी हुआ करता था, पर लोगों ने अतिक्रमण कर पक्के मकान बना लिए हैं। कमाल की बात है कि इस नाले पर रेवाड़ी रोड मोड़ावाला मंदिर के पास इस कद्र अतिक्रमण किया हुआ है कि इससे आगे यह नाला खत्म हो जाता है तथा अब पानी निकासी को जगह नहीं बची है। शहर में कई जगह पक्की गलियों और सड़कों के साथ जल निकासी के लिए नाले और नालियां नहीं बनाए गए हैं और जो नालियां पहले से बनी हैं, उनकी जल निकासी को सीवर लाइनों से जोड़ दिया है। ऐसे में सीवर ओवरफ्लो होंगे तथा मानसून सीजन में शहर में जलभराव एवं बाढ़ग्रस्त होने का खतरा बरकरार रहेगा। उल्लेखनीय है कि शहर के बीचों बीच से प्राचीन समय में छलक नदी गुजरती थी, जो अब नाले का रूप ले चुकी है। बढ़ते अतिक्रमण के चलते यह नदी जहां 1000 फुट चौड़ाई से बमुश्किल 100 फुट तो कहीं महज 40 फुट चौड़ी ही रह गई है। यह नदी निजामपुर रोड की तरफ से शहर के बीचोंबीच से होते हुए रेवाड़ी रोड पर मोड़ावाला मंदिर की तरफ बहती है, लेकिन मोड़ावाला मंदिर के समीप जाकर यह लुप्त हो जाती है, क्योंकि लोगों ने इस पर अतिक्रमण करके पक्के मकान बना लिए हैं तो किसी ने दुकान। ऐसे में यदि यह नदी पानी से भरने उपरांत जब बहेगी तो इसका पानी कहां जाएगा, यह प्रश्न यक्ष बनकर उभर रहा है। हालात ऐसे हैं कि जहां नाला खत्म होता है, वहां उससे आगे पानी बहने को खाली जगह नहीं है और लोगों ने अतिक्रमण करके पक्के मकान बना लिए हैं। हालांकि परेशानी इन मकान बनाकर रह लोगों को भी होगी, लेकिन उनके साथ-साथ शहरवासी भी जलभराव एवं बाढ़ग्रस्त की आशंका से गुजरेंगे।



नारनौल। मोड़ावाला मंदिर के पास से गुजरता छलक नाला। फोटो: हरिभूमि

### रखरखाव नगर परिषद की है जिम्मेदारी

नगर परिषद को इस समस्या का समाधान करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। उन्हें न केवल छलक नाले का दुरुस्त करना होगा, बल्कि सीवर प्रणाली को भी ठीक करना होगा। नालियों तथा नालों के कनेक्शन को सीवर से अलग करना होगा। साथ ही, नगर परिषद को शहर की साफ-सफाई और स्वास्थ्य व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने होंगे।

### नालों का निर्माण कार्य बंद

नगर परिषद द्वारा पिछले दिनों शहर में मॉडल सड़क का निर्माण किया गया है। यह मॉडल सड़क शहर के महावीर चौक से शुरू होकर सैनिक रेस्ट हाउस होते हुए महिला आईटीआई के सामने से शुरू होकर जैन धर्मशाला, पुलिस लाइन, अग्रसेन चौक, लोहा मंडी, रेलवे रोड, नागरिक अस्पताल से आगे टीबी अस्पताल, गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी, खड़खड़ी से होते हुए किला रोड को जाती है, लेकिन इस सड़क में नगर परिषद में साइडों में नालियों का निर्माण नहीं करवाया है। हालांकि इस सड़क में जल निकासी को एक पाइप लाइन दबाई गई है, जो पुलिस लाइन होते हुए गोशाला रोड को जाती है, लेकिन गोशाला रोड पर नई सीमेंट वाली सड़क बनाई जा चुकी है तथा साइबर सिटी थाने के सामने जहां मोड़ बनता है, वहां पुराने समय में यह लाइन गंदे नाले में जाकर गिरती थी, लेकिन अब सड़क बनाते वक्त उसे बंद कर दिया गया। ऐसे में इस पूरी सड़क पर जलभराव की समस्या बनी रहेगी और लोगों को परेशानियों से गुजरना होगा।

### यह बोले अधिकारी

जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के जेई आकाश यादव ने नगर परिषद की इस कार्रवाई पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि इससे शहर की साफ-सफाई और स्वास्थ्य व्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने मांग की है कि नगर परिषद सीवर लाइनों एवं नालियों को अलग-अलग करे और सीवर ओवरफ्लो की समस्या से निजात दिलाए।

### नालियों को सीवर लाइनों से जोड़ दिया

नगर परिषद ने सीवर में नालियों और नालों के कनेक्शन जोड़ दिए हैं, जिससे बरसात में सीवर ओवरफ्लो हो सकता है। इससे गंदा पानी सड़कों पर जमा हो सकता है और लोगों को आने-जाने में परेशानी हो सकती है। जल निकासी की नालियों एवं छोटे नालों को सीवर लाइनों से पिछले करीब 6-7 सालों से किया जा रहा है, जबकि जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग लिखित में इस पर नगर परिषद में कड़ी आपत्ति जता चुका है, क्योंकि सीवर लाइनें प्राकृतिक रूप से नहीं चलती हैं और वह बिजली होने पर ही लिफ्टिंग होने पर काम करती हैं। ऐसे में सीवर लाइनें बार-बार बरसात में ओवरफ्लो होंगी और शहरवासियों को सीवर की गंदगी से दो-चार होना पड़ेगा।

## मानसून से पूर्व कनीना में नालों की सफाई करने का काम जारी


कनीना। गंदे पानी की निकासी व्यवस्था का जायजा लेती नपा चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढा।

**कनीना।** नगर पालिका प्रशासन की ओर से मानसून से पहले नालों की सफाई का कार्य शुरू किया गया है। इस कार्य का करीब नौ लाख रुपये में ठेका छोड़ा गया है। जिसके पूरा होने पर मानसून के समय जलभराव की समस्या से छुटकारा मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर सफाई कर्मचारियों की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। नपा चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढा ने निकासी व्यवस्था का जायजा लेते हुए कहा कि सभी नागरिक सफाई में सहयोग करें व सड़क पर अतिक्रमण न करें। निकासी के लिए बनाए गए नालों को सुरक्षित रखें व शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए दुकानदार डस्टबिन में कूड़े को एकत्रित करें। उन्होंने कहा कि सड़क मार्गों पर दुकानदारों की ओर से बोर्ड व अन्य सामान रखने तथा रेहड़ी वालों की ओर से अतिक्रमण किए जाने से रास्ते संकरे हो रहे हैं। जहां से वाहन आसानी से नहीं गुजर पाते हैं। मंडी अस्पताल के समीप हालात खराब होने व बाजारों में अतिक्रमण सम्बंधी शिकायतें मिल रही हैं। जहां अभियान चलाया जाएगा।


महेंद्रगढ़। सड़क निर्माण का औचक निरीक्षक करते रमेश सैनी। फोटो: हरिभूमि

## नपा प्रधान ने किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर के मसानी चौक से 11 हट्टा बाजार होते हुए हाइप जिम तक बनाए जा रहे सड़क निर्माण कार्य का नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी के द्वारा निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात नगर पालिका प्रधान ने निर्माण सामग्री तैयार किए जाने वाले प्लांट पर पहुंचकर मैटिरियल गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने ठेकेदार को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण सामग्री को लेकर किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह शहर का सबसे व्यस्ततम और मेन बाजार है। इसलिए इसके निर्माण कार्य में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हाईप जिम से लेकर भाई रामसिंह की कोठी तक बनाए जा चुके सड़क मार्ग के दोनों और नाले बनाने के दिशा निर्देश भी दिए, ताकि बरसात के मौसम को देखते हुए लोगों को जल भराव की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि इस मार्ग के सौंदर्यकरण के लिए भी एक अलग से टेंडर लगाकर विशेष योजना तैयार की जाएगी और जल्द ही इस रोड़ के बीच में लगे बिजली के खंभे भी हटवाए जाएंगे। उन्होंने लोगों द्वारा अपने अतिक्रमण स्वयं ही हटाए हटाने के लिए उन सभी का आभार जताया। परशुराम चौक से सर्राफा बाजार जाने वाला सड़क मार्ग भी इतना संकरा है, जिसमें दो छोटी गाड़ियां भी आपस में क्रॉस नहीं कर सकती। इसलिए सर्राफा बाजार में बनी हुई दुकानों के चबूतरे हटाकर चौड़ी, सुन्दर और टिकाऊ सड़क बनाए जाने की प्रक्रिया भी जल्द ही शुरू की जाएगी।

---

### खबर संक्षेप



### शहर में निकाली 143वीं प्रभात फेरी

**नारनौल।** श्री राधा नाम की अलख जगाने वाली शहर की प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्था प्रभात फेरी संगठन के तत्वावधान में रविवार को 143वीं प्रभात फेरी का आयोजन आर्य चौक मोहल्ला सलामपुरा से किया गया। प्रभात फेरी के मुख्य यजमान आत्मदेव सैनी व राहुल सैनी ने परिवार सहित ठाकुर जी की आरती कर सभी को चंदन का तिलक लगाया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे बच्चे, बूढ़े, पुरुष, महिलाएं, नौजवान धर्म प्रेमी लोगों ने ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते, गाते, बजाते राधे नाम का जाप किया।

### स्व. लक्ष्मीचंद गुप्ता की पुण्यतिथि मनाई

**नारनौल।** हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक स्व. लक्ष्मीचंद गुप्ता की 21वीं पुण्यतिथि मनाई गई। हरियाणा व्यापार मंडल के जिला प्रधान बजरंग लाल अग्रवाल के नेतृत्व में नरूला होटल में किया गया। उन्होंने कहा कि स्व. लख्मी चंद गुप्ता व्यापारियों के हकों के लिए अपनी जिंदगी लगा दी। कई बार व्यापारियों के लिए अफसर से भी टकराव हुआ व जीत व्यापारियों की हुई। इस मौके पर संदीप गुप्ता नूनीवाला, विक्रांत नरूला, बद्रीप्रसाद गर्ग, राजू कश्मीर टिंबर स्टोर वाले इत्यादि उपस्थित रहे।



### स्लम एरिया में बच्चों के बीच मनाया मंत्री का जन्मदिन

**नारनौल।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण वेदी का जन्मदिवस स्लम एरिया टैलेंट निःशुल्क कोचिंग सेंटर इंद्रा कॉलोनी में वंचित वर्ग के बच्चों के बीच मनाया गया। मुख्यातिथि संजय अमन जिला कार्यालय प्रभारी भाजपा ने बच्चों के साथ एक पौधा लगाकर सभी को पीएम मोदी की मुहिम एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया।

## बिरदीचंद गोठवाल बने कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के वाइस चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। बिरदीचंद गोठवाल

- आईएएस ब्रह्मप्रकाश ने की बैठक की अध्यक्षता।

कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली की वर्तमान कार्य अवधि समाप्त होने पर संस्था के त्रिवार्षिक चुनाव के लिए संस्था के कार्यालय में पूर्व आईएएस ब्रह्मप्रकाश की अध्यक्षता में कार्यकारिणी सदस्यों की आम बैठक हुई। जिसमें आम सहमति से प्रधान पद पर जगदीश चन्द्र सिंघल व परामर्श मण्डल के चेयरमैन पद पर पूर्व आईएएस ब्रह्मप्रकाश दहिया का निर्विरोध चयन किया गया। कार्यकारिणी महेंद्रगढ़ जिले से उत्कृष्ट कार्य करने पर एससी संघर्ष समिति के महासचिव बिरदीचंद गोठवाल को वाइस चेयरमैन, बास किरारोद उमराबाद निवासी चौधरी फूलसिंह महायच व जड़वा निवासी पूर्व एजीएम प्रेमसिंह को सलाहकार, बैरावास निवासी थावर सिंह गोठवाल को नियुक्त किया है। नियुक्तियों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान, अखिल भारतीय आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष व पूर्व तहसीलदार लालाराम नाहर, पूर्व प्राचार्य डॉ. शिवताज सिंह, गुरु रविदास महासभा के प्रधान बलबीर सिंह बबेरवाल, धानक समाज के शिवनारायण मोरवाल, वाल्मीकि सभा के राजेश चांवरिया, कोली सभा के तोताराम, प्रधान अनिल फाण्डन, प्रधान जसवंत भाटी, कोषाध्यक्ष प्यारेलाल चवन, सचिव सुमेर सिंह गोठवाल, पूर्व डीजीएम महेंद्र खन्ना, पूर्व प्रबंधक जयपाल, सूबेसिंह गोठवाल मौजूद रहे।

### लिंगानुपात में सुधार को निकाली जागरूकता रैली



**नारनौल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर रघुनाथपुरा के तहत गांव हमीदपुर, गहली, रघुनाथपुरा में लिंग अनुपात में सुधार के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रामपुरा अस्पताल के प्रभारी डा. नवीन कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी नितेश, मल्टीपर्पज हेल्थ सुनील, आशा सुमन, सुषमा, सुशीला, प्रवीन, अनिता, प्रियंका, सुदेश, गांव के सरपंच, पंच इत्यादि मौजूद रहे।

## वीरांगनाओं की पेंशन संबंधित समस्याओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

स्थानीय यादव धर्मशाला में भूतपूर्व सैनिक विकास संघ की ओर से प्रधान सूबेदार रामस्वरूप यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित की गई। उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह ने बताया कि सबसे पहले अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए एवं उतराखण्ड के केदारनाथ में हैलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं की पेंशन संबंधित समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया। इस अवसर पर कप्तान सुरेंद्र सिंह, कप्तान मामराज सिंह, सूबेदार मेजर दलीप सिंह, महासचिव सूबेदार ब्रह्मम देव आर्य, कोषाध्यक्ष सूबेदार हवासिंह, होशियार सिंह, हरपाल सिंह, संतोष कुमार, नायक सूबेदार लालचंद, हवलदार भागमल, शेरसिंह, सत्यपाल, रामकिशन खेड़ा व लाल सिंह आदि उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। बैठक में भाग लेते पूर्व सैनिक। फोटो: हरिभूमि

### सीईटी रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ाए सरकार

**मंडी अटेली।** हरियाणा सीईटी के लिए आवेदन की समय सीमा 14 जून को खत्म हो गई है। तमाम अटकलों के बावजूद आयोग ने आवेदन के लिए दूसरी बार समय नहीं बढ़ाया है। आज 16 जून को रात 12 बजे तक कैंडिडेट्स फीस जमा करा सकते हैं। अब उम्मीदवारों का फाइनल डेटा आने के बाद परीक्षा केंद्रों की संख्या को कम या ज्यादा किया जाएगा। बीडीसी सिहमा की चैयरमेन अंजू यादव के प्रतिनिधि राजकुमार यादव ने बताया कि हरियाणा सीईटी रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ाए सरकार द्वारा बढ़ाई जाए। विद्यार्थियों को दरअसल सरल पोर्टल पर विभिन्न प्रकार के सर्टिफिकेट बनवाने में समस्याएं आ रही है। अभ्यर्थी सोशल मीडिया पर अंतिम तिथि बढ़ाने की गुहार लगा रहे हैं।सीईटी फॉर्मेट आने के बाद से सिर्फ एक बार ही सीईटी परीक्षा साल 2022 में आयोजित हुई थी। वहीं अब दूसरी बार सीईटी 2025 में आयोजित हो रही है। यानी तीन साल बाद यह परीक्षा हो रही है। प्रतिदिन लाख से ऊपर फॉर्म जमा हो रहे हैं। सीईटी को लेकर 29 मई की रात को आवेदन शुरू हुए थे। आवेदन के दौरान से ही सरल पोर्टल अच्छी तरह नहीं चल रहा। कभी बीसी प्रमाण पत्र को लेकर दिक्कत है तो कभी डोमिसाइल जाति व दूसरे प्रमाण पत्र बनने में परेशानी है।



## नीरपुर राजपूत में हुआ डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव नीरपुर राजपूत में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण अनुसूचित जाति बस्ती में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि गांव में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगने से उनके विचार व दर्शन भावी पीढ़ी में पहुंचेगा। उनके विचारों से देश प्रबुद्ध व दुनिया का सिरमौर बना सकता है। डा. भीमराव अंबेडकर के विचार जन जन तक फैलेंगे तो एक प्रबुद्ध भारत का निर्माण होगा। उनके स्लोगन शिक्षित बनो संगठित रहो व संघर्ष करो का नारे को चरितार्थ करने के लिए नीरपुर राजपूत गांव रचनात्मक कार्य कर रहा है। डॉ. अंबेडकर ने जीवन समानता, स्वतंत्रता व बंधुत्व के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने भारत के संविधान में सभी को समानता के अवसर पैदा करवाने के लिए अनेक आर्टिकल लिखे। उनके कठिन प्रयासों से संविधान में सभी वर्गो की स्वतंत्रता एवं अधिकार बनाए रखने के लिए बहुमूल्य वोट का अधिकार दिया। उन्होंने बिना भेदभाव सभी को वोट का अधिकार दिया। इस मौके पर सरपंच रतन पाल, अटेली नपा चैयरमेन संजय गोयल, कृष्ण राजपुरा व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।


मंडी अटेली। नीरपुर राजपूत में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए।



### तोबड़ा का आर्यन कौशिक बना फाइटर पायलट

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव तोबड़ा निवासी आर्यन कौशिक के एयरफोर्स में फाइटर पायलट चयन होने पर तोबड़ा के ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव में पहुंचने पर गांव के सरपंच आशा पत्नी धीरज कौशिक एवं समस्त ग्रामवासियों ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया तथा अटेली कस्बे में रोड शो के माध्यम से अपनी खुशी जाहिर की। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय आर्यन ने अपने माता-पिता, बुजुर्गों व गुरुजनों को दिया। एक सामान्य परिवार में पैदा हुए आर्यन के पिताजी संजय कौशिक व माता रीना कौशिक निजी विद्यालयों में शिक्षक रहे हैं। भारतीय सेना के प्रति हमेशाउनका आदरभाव रहा है। आर्यन ने कहा उनके माता-पिता उनके प्रेरणाश्रोत हैं। उनके दिशा निर्देशन की वजह से इस मुकाम तक पहुंच पाया है। इस मौके पर सौरभ शर्मा, पूर्व सरपंच नरेश, पूर्व सरपंच अंगूरी देवी, भूपेंद्र चौधरी नंबरदार, हरिसिंह, वाइस चेयरमैन अटेली रामकिशन जांगिड़, डॉ. कविता यादव व प्रमोद कटारिया सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### प्रदेश में संगठन को लेकर जिले में कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने पहुंचे कांग्रेस के नेता

# कर्मठ व मेहनती कार्यकर्ता को दी जाएगी पार्टी में जिम्मेदारी: कुलदीप इंदौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते सांसद कुलदीप इंदौरा। फोटो: हरिभूमि

कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत जिले में आब्जर्वर की टीम कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने में जुटी हुई है। रविवार को जिला आब्जर्वर सांसद कुलदीप इंदौरा टीम के साथ पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुंचे। सांसद कुलदीप इंदौरा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन को पुनः खड़ा करने की कवायद शुरू हो चुकी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के निदेशानुसार कर्मठ और मेहनती कार्यकर्ता को संगठन में समायोजित किया जाएगा। इस बार संगठन में परिवारवाद व व्यक्तिवाद नहीं चलेगा। कांग्रेस हाई कमान हरियाणा में जल्द से जल्द संगठन बनाने के प्रति गंभीर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे व राहुल गांधी के द्वारा उसे यह जिम्मेदारी दी गई है कि मजबूत संगठन के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता से रायशुमारी की जाएगी और सारा ब्यौरा तैयार कर हाईकमान के समक्ष रखा जाए। पिछले कई वर्षों से संगठन के अभाव में कार्यकतार्ओं का मनोबल जरूर कम हुआ है, लेकिन अब कांग्रेस पार्टी मजबूत संगठन खड़ा करेगी। जिसमें जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और सेवादल अध्यक्ष इत्यादि सभी पदों पर कर्मठ व मेहनती कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास कर्मठ कार्यकतार्ओं की बड़ी ताकत है और कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं, इसलिए संगठन में सभी मजबूत कार्यकतार्ओं को योग्यतानुसार जिम्मेदारियां दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वे अगले दो दिन जिले में ही रहेंगे और जिला के विधानसभा क्षेत्रों नारनौल, अटेली व नांगल चौधरी में कार्यकतार्ओं से सलाह व मशविरा करेंगे। इसके बाद सारा ब्यौरा हाई कमान के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और शीघ्र ही कांग्रेस पार्टी का पूरा संगठन प्रदेश में खड़ा होगा। कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी को लेकर कहा कि देखिए पहले जो बातें हो चुकी हैं। उनके ऊपर अभी चर्चा करने से कोई फायदा नहीं है अभी हम नए सिरे से काम कर रहे हैं।

### कार्यकर्ता भिड़े, टिप्पणी से भड़के पत्रकार

*कार्यकर्ताओं की रायशुमारी से पहले पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिस कमरे में पत्रकार वार्ता होनी थी, वहां पर महेंद्रगढ़ और नारनौल के कार्यकर्ता उस कमरे में बैठने को लेकर आपस में भिड़ गए। कई देर तक आपस में कहासुनी होती रही। पत्रकार वार्ता वाले कमरे में मौजूद महेंद्रगढ़ के कार्यकर्ताओं ने पत्रकारों को लेकर टिप्पणी की। जिस पर पत्रकार भड़क गए और प्रेस कॉन्फ्रेंस का बहिष्कार कर दिया। पत्रकार बहिष्कार करके रेस्ट हाउस से बाहर निकल गए और जब इस बात की जानकारी पूर्व विधायक राव दानसिंह को लगी तो वे मीडियाकर्मियों को दूसरे कमरे में लेकर गए और प्रेसवार्ता आयोजित करवाई।*